राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 30 अक्टूबर, 2024

राजभवन में आज दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर एवं अधिकारियों, कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

राज्यपाल ने उपस्थित सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और सभी को उपहार भी दिए। राज्यपाल ने राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के परिजनों सहित दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल को दीपावली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने राजभवन के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान को सराहा। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, उप सचिव जी. डी. नौटियाल, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, डॉ. ए. के. सिंह सहित राजभवन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

............0............